ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
24, AKBAR ROAD, NEW DELHI
COMMUNICATION DEPARTMENT

Highlights of the Speech **28 January, 2020**

Shri Rahul Gandhi addressed Yuva Aakrosh Rally in Jaipur, Rajasthan, today.

श्री राहुल गांधी ने विशाल जनसभा को संबधित करते हुए कहा कि- अशोक गहलोत जी, सचिन पायलट जी, वेणु गोपाल जी, स्टेज पर कांग्रेस पार्टी के हमारे सब वरिष्ठ नेता, हमारे कांग्रेस पार्टी के अन्य नेतागण, कार्यकर्ता, भाईयो और बहनों, आज जो यहाँ स्टूडेंट्स आए हैं, आप सबका यहाँ दिल से बहुत-बहुत स्वागत करता हूं। जो आज परफोर्मर्स आए हैं, जिन्होंने गाना गाया, उनका मैं धन्यवाद करता हूं और उनका भी यहाँ स्वागत करता हूं।

देश के वर्तमान हालात इस देश का हर युवा जानता है और पहचानता है। हर देश के पास कोई ना कोई पूंजी होती है - अमेरिका के पास बड़े-बड़े हथियार, दुनिया की सबसे बड़ी नेवी, एयरफोर्स, आर्मी, सउदी अरब के पास तेल और हिंदुस्तान के पास आप लोग, हमारे करोडों युवा। हमारे पास और कुछ नहीं है। हमारे पास तेल नहीं है, अमेरिका का हम मुकाबला हथियारों से नहीं कर सकते, मगर हमारे पास दुनिया के सबसे अच्छे, होशियार युवा हैं। जब मैं कहता हूं आप हमारी पूंजी है, मैं सिर्फ आपकी बात नहीं कर रहा हूं, मैं आपके सपनों की बात कर रहा हूं, मैं आपके ज्ञान की बात कर रहा हूं, आपकी समझ की बात कर रहा हूं। पूरा देश और पूरी दुनिया इस बात को मान कर चलती है कि हिंदुस्तान का युवा सिर्फ देश को नहीं दुनिया को भी बदल सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ओबामा ने कहा था - चीन और हिंदुस्तान का मुकाबला अमेरिका नहीं कर पाएगा। पूरी दुनिया के अलग-अलग देशों से लोग हिंदुस्तान के युवाओं में इनवेस्ट करने आया करते थे, अपना पैसा हिंदुस्तान में इनवेस्ट करते थे, क्योंकि वो आप सबमें भरोसा

करते थे। वो जानते थे कि हिंदुस्तान का युवा, हिंदुस्तान को खड़ा कर देगा और पूरी दुनिया को बदल देगा, इसलिए वो यहाँ अपना पैसा लाते थे।

आज मैं इस स्टेज से दुख से कहता हूं कि 21 वीं सदी का हिंदुस्तान अपनी पूंजी को जाय़ा कर रहा है, बर्बाद कर रहा है। जो आप इस देश के लिए करना चाहते हैं और कर सकते हैं, उसको आपकी सरकार और हमारे प्रधानमंत्री होने नहीं दे रहे हैं। आज हिंदुस्तान का युवा कॉलेज, यूनिवर्सिटी में जाकर पढ़ता है, स्कूल में पढ़ता और **बेरोजगारी** का सपना देखता है। यूनिवर्सिटी और कॉलेज के बाद आपको हिंदुस्तान में रोजगार नहीं मिल रहा है।

पिछले साल हिंदुस्तान में एक करोड़ युवाओं ने रोजगार खोया है, फिर से दोहरा देता हूं - नरेन्द्र मोदी जी ने 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात थी, लेकिन पिछले साल एक करोड़ युवाओं ने देश में रोजगार खोया है। जहाँ भी हमारे प्रधानमंत्री जाते हैं, लंबे-लंबे भाषण देते हैं, एनआरसी की बात होगी, सीएए की बात होगी, एनपीआर की बात होगी, मगर देश के सामने जो सबसे बड़ी समस्या, जो इस देश के हर परिवार को चुभती है, माता-पिता को लगती है, युवाओं को जो दुख होता है, उसके बारे में हमारे प्रधानमंत्री एक शब्द नहीं बोलते हैं, एक शब्द नहीं बोलते हैं। ये हुआ क्यों?

यूपीए के समय, मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं, 9 प्रतिशत हिंदुस्तान की ग्रोथ रेट थी। पूरी दुनिया हिंदुस्तान की ओर देख रही थी। जीडीपी को आज नए तरीके से नापा जाता है, तब 5 प्रतिशत ग्रोथ है, अगर आप पुराने तरीके से नापें, यूपीए वाले समय के तरीके से नापें तब ढाई प्रतिशत ग्रोथ रेट है। ढाई प्रतिशत, याद रखिए। शर्म की बात है। ये हुआ क्यों? यूपीए के समय हम सरकार का पैसा किसानों को, गरीबों को देते थे, मनरेगा, भोजन का अधिकार, ये हमारे प्रोग्राम थे। हम गरीबों को पैसा क्यों देते थे, मैं थोड़ा समझाना चाहता हूं-

नरेन्द्र मोदी जी ने शायद इक्नॉमिक्स पढ़ी नहीं हैं, समझे नहीं हैं। अर्थव्यवस्था तब चलती है, जब गरीबों की जेब में पैसा आता और बड़ा साधारण सा सिस्टम है, जैसे ही किसानों की जेब में पैसा जाता है, गरीबों की जेब में पैसा जाता है, वो माल खरीदते हैं।

कोई टूथपेस्ट, कोई साबुन, कोई शर्ट, कोई पतलून, कोई जूता, जैसे ही हिंदुस्तान के गरीब लोग, सभी लोग माल खरीदते थे, वैसे ही फैक्ट्रियां चालू हो जाती थी। जैसे ही फैक्ट्रियां चालू हो जाती थी, कोई फैक्ट्री शर्ट बनाती, कोई पतलून बनाती, कोई सेल फोन बनाती, हिंदुस्तान के करोडों लोग माल खरीदते थे। उन्हीं फैक्ट्रियों में हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार मिलता और उन्हीं फैक्ट्रियों में दुनिया का इनवेस्टमेंट आता था। अब नरेन्द्र मोदी जी ने क्या किया - किसानों को बर्बाद कर दिया, मनरेगा को खोखला कर दिया, भोजन के अधिकार को बंद कर दिया, नोटबंदी की, गब्बर सिंह टैक्स लागू किया, इससे क्या हुआ- हिंदुस्तान के किसान, मजदूर, युवाओं की जेब में से उन्होंने पैसा निकाला और 15-20 उद्योगपतियों की जेब में डाल दिया।

भाईयों और बहनों, 3 लाख 50 हजार करोड़ रुपए आपकी जेब में से निकाल कर, आपकी यूनिवर्सिटीज से निकाल कर, आपके अस्पतालों में से निकाल कर नरेन्द्र मोदी जी ने 15 सबसे अमीर लोगों का कर्जा माफ करवाया है। 3 लाख 50 हजार करोड़ रुपए! कुछ ही महीने पहले, 1 लाख 50 हजार करोड़ रुपए कॉर्पोरेट टैक्स माफ किया। जैसे ही गरीबों की जेब में से पैसा गया, किसानों की जेब में से पैसा गया, युवाओं की जेब से पैसा गया, आप लोगों ने माल खरीदना बंद किया। जैसे आपने माल खरीदना बंद किया, फैक्ट्री बंद हो गई और 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी आज हिंदुस्तान में आ गई। आप किसी भी छोटे दुकानदार के पास चले जाईए, उससे पूछिए कि आपको जीएसटी से फायदा हुआ या नुकसान? सारे के सारे आपको कहेंगे, भईया बर्बाद कर दिया, नुकसान हो गया। अबांनी, अडाणी का जरुर फायदा हुआ, जो सबसे बड़े बिजनेसमैन थे, उनका जरुर फायदा हुआ, मगर लाखों-करोड़ युवाओं का, छोटे दुकानदारों का, स्मॉल - मीडियम बिजनेस वालों का धंधा बर्बाद हो गया।

मैं आपको बता रहा हूं, स्टेज से बता रहा हूं, नरेन्द्र मोदी जी को जीएसटी की समझ तक नहीं आई है, उनको समझ नहीं आई है कि जीएसटी क्या है। जो व्यक्ति नोटबंदी जैसा काम कर सकता है, आप किसी भी युवा से पूछ लो, नोटबंदी से फायदा हुआ या नुकसान हुआ? 8 साल के बच्चे से पूछ लो - बेटा नोटबंदी से फायदा हुआ या नुकसान,

वो कहेगा नुकसान हुआ। फायदा नहीं हुआ। मेरी जेब से पैसा ले लिया नरेन्द्र मोदी जी ने, अडाणी को दे दिया।

अब दुनिया की हालत आप देखिए और समझिए, पहले हिंदुस्तान चीन का मुकाबला करता था। आप ये मोबाईल फोन पकडिए, ये चीन में बनता है। माईक्रो फोन के नीचे देखें तो चीन में बना है। शर्ट के पीछे, जूते के नीचे - सब मेड इन चाईना। हिंदुस्तान उनका मुकाबला कर सकता है, और कोई देश कर ही नहीं सकता है। हिंदुस्तान का युवा अकेला चीन के युवा के साथ मुकाबला कर सकता है और कोई कर ही नहीं सकता है। हिंदुस्तान के लिए ये बहुत बड़ा मौका है। दुख की तो ये बात है कि यहाँ हम अपनी पूंजी जाया कर रहे हैं, मगर ऐसा मौका हमारे सामने कभी वापस आने वाला नहीं है। पूरी दुनिया, यूरोप के सब देश, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, पूरी दुनिया के देश चीन की ओर देख रहे हैं कह रहे हैं कि चीन बहुत तेजी से आगे निकल गय़ा, चीन को बैलेंस करना है और पूरी दुनिया जानती है कि चीन को सिर्फ एक शक्ति बैलेंस कर सकती है और वो है - हिंदुस्तान का युवा। पूरी दुनिया तैयार है, यूरोप के सब देश तैयार हैं, अमेरिका तैयार है, कनाडा तैयार है, ऑस्ट्रेलिया तैयार है, सारे के सारे देश हिंदुस्तान के साथ खड़े होकर हिंदुस्तान को मैन्युफैक्चरिंग का कैपिटल बनाना चाहते हैं। सारी कंपनियां, जो आज चीन में हैं, वो हिंदुस्तान में आना चाहती हैं। जब भी मैं उनसे बात करता हूं, मुझसे सवाल पूछते हैं। मुझे दुख होता है, मैं आपको बताता हूं, क्या सवाल पूछते हैं-

मुझसे पूछते हैं - आप चाहते हैं कि हम अपना पैसा हिंदुस्तान में डालें, आप चाहते हैं कि हम मिलकर चीन से कॉम्पिटिशन करें, मगर आप हमें एक बात समझाओ, पहले हिंदुस्तान में शांति थी, आज हर रोज हम अखबार में पढ़ते हैं कि हिंदुस्तान में हिंसा है, हिंदुस्तान के लोग एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। हिंदुस्तान की सरकार देश में हिंसा फैला रही है। आप हमें बताईए, हिंसा के माहौल में हम इनवेस्ट क्यों करें? हिंसा के माहौल में हम जो लाखों करोड़ रुपए हिंदुस्तान में इनवेस्ट करना चाहते हैं, हम उसको क्यों इनवेस्ट करें? पता नहीं कल क्या होगा? ये काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। पहला काम - आपकी जेब में से पैसा निकाल कर हिंदुस्तान के सबसे अमीर 15-20 लोगों को

दिलवाया। मैं ये नहीं कहता हूं कि हिंदुस्तान के उद्योगपतियों की जगह नहीं है, मैं इस स्टेज से पहला हूं जो कहेगा कि हिंदुस्तान के बड़े उद्योगपतियों ने भी इस देश को बनाने का काम किया है, मगर मैं बैलेंस चाहता हूं। **मैं चाहता हूं कि अगर आप सबसे बड़े उद्योगपतियों की मदद करते हैं तो फिर आपको किसानों की, मजदूरों की, गरीबों की, युवाओं की भी मदद करनी पड़ेगी। मैं सिर्फ बैलेंस चाहता हूं। आप कर्जा माफ उनका करते हैं, तो फिर इनका भी करो। अगर इनका नहीं करते हैं तो फिर उनका भी मत करो। मैं बैलेंस चाहता हूं।**

तो नरेन्द्र मोदी जी ने पहला काम किया कि इन्होंने पूरा का पूरा फायदा 15-20 उद्योगपतियों को दिया, 100 को नहीं, 200 को नहीं, 15 को दिया। दूसरा काम - भयंकर काम, जो दुनिया में हिंदुस्तान का रेप्युटेशन था, जो दुनिया में हिंदुस्तान की इमेज थी कि एक ऐसा देश है, भाईचारे का देश है, प्यार का देश है, मिलजुल कर काम करता है, बात होती थी। पूरी दुनिया में लोग देखते थे, कहते थे, देखो - पाकिस्तान में देखो, पाकिस्तान में हिंसा का माहौल है, एक-दूसरे से दिन भर लड़ते थे। एक तरफ पाकिस्तान, दूसरी तरफ हिंदुस्तान। एक तरफ हिंसा, दूसरी तरफ प्यार, भाईचारा। पाकिस्तान बंटा हुआ देश, हिंदुस्तान एक साथ चलने वाला देश। इस इमेज को नरेन्द्र मोदी जी ने बर्बाद कर दिया। आज बाकी दुनिया में हिंदुस्तान को रेप कैपिटल माना जाता है। हर रोज अखबार में आता है, कहीं ना कहीं किसी महिला के साथ बलात्कार हुआ, प्रधानमंत्री जी इसके बारे में नहीं बोलेंगे। जब हमारे युवा प्रधानमंत्री जी से सवाल पूछते हैं, आप बताईए आपने हिंदुस्तान का रेप्युटेशन पूरी दुनिया में क्यों खत्म किया? आप बताईए, आज इस देश में बेरोजगारी क्यों है? आप बताईए कि आपने पिछले 5 सालों में युवाओं के लिए क्या किया? तो फिर आपके ऊपर ही गोली चलाई जाती है, आपको मारा जाता है, आपको कुचला जाता है।

मैं चैलेंज देता हूं प्रधानमंत्री को, मैं चैलेंज देता हूं हिंदुस्तान की किसी भी यूनिवर्सिटी में चले जाएं औऱ अपने भाषण से पहले जो स्टूडेंट हैं, उनसे सवाल पुछवा लें। मैं चैलेंज देता हूं किसी भी यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री चले जाएं और युवाओं के दिल में जो सवाल है, बेरोजगारी का सवाल, हिंदुस्तान को बांटने वाला सवाल, हिंदुस्तान की इमेज को नष्ट

करने वाला सवाल, इसका जाकर यूनिवर्सिटी में, कॉलेज में नरेन्द्र मोदी जी जवाब दे दें। नहीं दे सकते। मगर ये जरुर कह सकते हैं, नरेन्द्र मोदी जी झूठे वायदे जरुर कर सकते हैं - 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दूंगा, किसानों को सही दाम दिलवाऊंगा।

मगर यहाँ मैं आपको निराश करने नहीं आया हूं, मैं आपको एक मैसेज देने आया हूं। **मैं समझता हूं और कांग्रेस पार्टी समझती है कि इस देश को सिर्फ एक शक्ति बदल सकती है और वो है हिंदुस्तान का युवा, हिंदुस्तान का स्टूडेंट।** हम ये भी समझते हैं कि आज आपको रास्ता नहीं दिखाई दे रहा है, आपको विजन नहीं दिखाई दे रहा है, आपको रोजगार नहीं मिल रहा है। मगर मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि आपमें वो ऊर्जा है, आपमें वो स्ट्रैंथ है, आपमें वो विजन है, जो इस देश को बदलने जा रही है। पूरी दुनिया आपकी ओर देख रही है, सिर्फ कांग्रेस पार्टी नहीं, आप अपनी शक्ति को पहचानो। जब आप टेलीफोन के पीछे मेड इन चाईना देखते हो, जूते के नीचे मेड इन चाईना देखते हैं, उन शब्दों को आप पहचानो। वो शब्द चीन के युवाओं की शक्ति है और मैं जानता हूं, पूरा भरोसा है कि मेड इन इंडिया, मेड इन जयपुर, मेड इन राजस्थान, मेड इन चाईना का मुकाबला कर सकता है और करके दिखाएगा।

मगर इसके लिए देश को दो-तीन चीजों की जरुरत है, सबसे पहले युवाओं को ये समझना होगा कि आपकी जो आवाज है, उसको आप दबने नहीं दो। आपकी आवाज दबनी नहीं चाहिए, आप जो बोल रहे हैं, जो आपके दिल में है, वो सही है। आपको डरने की कोई जरुरत नहीं। आप बेरोजगारी पर सवाल उठाओ, हिंदुस्तान के भविष्य पर सवाल उठाओ। अपने भविष्य पर सवाल उठाओ।

दूसरा और सबसे जरुरी काम - ये झंडा है। ये दो-तीन झंडे नहीं हैं, ये एक झंडा है और ये सब हिंदुस्तानियों का झंडा है और जो भी इस देश को बांटने की कोशिश करता है, जो भी इस देश को तोड़ने की कोशिश करता है, एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाता है, उसको आप साफ बता दीजिए कि देश को बांटने से हिंदुस्तान का फायदा नहीं होगा, ये झंडे का अपमान है। ये काम आप बंद कीजिए।

तीसरी और आखिरी बात - जो पूरी दुनिया में हिंदुस्तान का पहले रेप्युटेशन था, भाईचारे का देश, एक साथ चलने का देश, पलूरल (Plural) देश, वो रेप्युटेशन एक बार फिर लानी पड़ेगी, क्योंकि हिंदुस्तान अगर चीन से मुकाबला करेगा, अगर हिंदुस्तान चीन से कॉम्पिटिशन करेगा, प्यार से, दुश्मनी से नहीं, हमारा तरीका प्यार का है।

मैं आपको स्टेज से बता रहा हूं चीन से हिंदुस्तान प्यार से मुकाबला कर सकता है और मेड इन इंडिया, मेड इन चाईना को पीछे धकेल सकता है। तो हमारा जो पहले रेप्युटेशन था पूरी दुनिया में, हमारी जो संस्कृति है, जो हिस्ट्री है, महात्मा गांधी जी की जो विचारधारा है, वही हमारी पहचान होनी चाहिए। जब दुनिया में कोई हिंदुस्तान की ओर देखे तो उसे कहना चाहिए कि हां, ये देश पूरी दुनिया को रास्ता दिखा सकता है। मैन्युफेक्चरिंग में दिखा सकता है, सर्विस में दिखा सकता है, मगर करेक्टर में भी दिखा सकता है, मौरेलिटी में भी दिखा सकता है।

तो ये मैं मैसेज आपको देना चाहता था। हर जनरेशन की जिम्मेदारी होती है। अब आपकी जिम्मेदारी है, आपके सामने, हमारे सामने बड़ी चुनौती है, मगर डरने की कोई जरुरत नहीं क्योंकि हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति हमारे गांव में, हमारे शहरों में है और वो है हिंदुस्तान का युवा। आप डरिए मत, दबिए मत, एक साथ खड़े होकर हम हिंदुस्तान को बदल डालेंगे।

धन्यवाद। जयहिंद।

Sd/-
(Vineet Punia)
Secretary
Communication Deptt.
AICC